J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 07.08.2019**

**THE TRIBUNE**

# 16-YEAR-OLD'S BOOK RELEASED



**Prof Dinesh Kumar with Diya Goyal.** TRIBUNE PHOTO

**Faridabad:** Prof Dinesh Kumar, Vice Chancellor of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, on Tuesday released 'Letters Unsent', a book by 16-year-old student Diya Goyal. Diya, who resides in Sector 15 here, is a student of Woodstock School, Mussoorie. The writer has penned down her feelings and emotions, which one is not able to express at the right time, it is reported. Lauding her effort, Kumar said acquiring the writing ability at such a young age was praiseworthy. Diya is great granddaughter of former Haryana CM Banarsi Dass Gupta.

The Tribune Wed, 07 August 2019
https://epaper.tribuneind:

**NEWS CLIPPING: 07.08.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# पुस्तक 'लेटर अनसेंट' का विमोचन



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने सेक्टर-15 निवासी दीया गोयल की पुस्तक लेटर अनसेंट का विमोचन किया। दीया गोयल मसूरी के एक स्कूल में 12वीं की छात्र हैं और बिजनेस की पढ़ाई कर रही हैं। दीया के अनुसार उन्होंने अपने अनुभव से पाया कि ऐसे कितने लोग होते हैं, जो काफी कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन परिस्थिति के चलते कुछ कह नहीं पाते हैं। ऐसे ही लोगों की कहानी को उसने खतों के माध्यम से अपनी पुस्तक में शामिल किया है।

**NEWS CLIPPING: 07.08.2019**

**HINDUSTAN**

# पौधरोपण के साथ इंडक्शन शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि.(वाईएमसीए) के प्रबंधन अध्ययन विभाग की ओर से तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वकर्मा कौशल विवि.के कुलपति व हरियाणा कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक राज नेहरू ने पौधरोपण के साथ किया। पहले दिन आयोजित दूसरे सत्र में आईआईटी (रुड़की) के प्रबंधन विभाग में प्रोफेसर डॉ. संतोष रंगनेकर ने 'डिजाइन थिंकिंग' पर व्याख्यान दिया।

**NEWS CLIPPING: 07.08.2019**

**PUNJAB KESARI**

# ‘संभावनावादी बनें, खुद को बनाए रोजगार के लायक’

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

फरीदाबाद, 6 अगस्त (ब्यूरो) विद्यार्थियों को अकादमिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा नये दाखिल हुए विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा के कुलपति तथा हरियाणा कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक राज नेहरू मुख्य अतिथि रहे तथा विद्यार्थियों को संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता डीन इंस्टीट्यूशन्स डॉ. संदीप ग्रोवर तथा कुलसचिव डॉ. राज कुमार ने की। इस अवसर पर डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ. अरविंद गुप्ता तथा विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलन द्वारा हुआ। कुलपति श्री राज नेहरू ने प्रबंधन अध्ययन के संदर्भ में ‘पीएंडपीसी बैलेंस’ सिद्धांत पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में प्रभावशीलता ‘पी’ एंड ‘पीसी’ के बीच संतुलन में है। ‘पी’ से अभिप्राय वांछित परिणाम या उत्पादन से है, ‘पीसी’ से अभिप्राय परिणाम या उत्पादन प्राप्ति की क्षमता से है। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त करने के बजाय ज्ञान अर्जित करने की आवश्यकता बल दिया। विद्यार्थियों को अभिवन दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए श्री नेहरू ने कहा कि दुनिया और प्रौद्योगिकी संस्थानों में पढ़ाई जाने वाले शिक्षा या पाठ्यक्रमों की तुलना में तेजी से बदल रही है, इसलिए, विद्यार्थियों को तेजी से बदलते परिवेश में खुद को जागरूक रखने के साथ-साथ वह ज्ञान प्राप्त करने की जरूरत है जो समय की मांग है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसरों की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों को खुद को रोजगार के लायक बनाना होगा।

पहले दिन के दूसरे सत्र में आईआईटी, रुड़की के प्रबंधन विभाग में प्रोफेसर डॉ. संतोष रंगनेकर ने ‘डिजाइन थिंकिंग’ पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को समस्याओं से निपटने के लिए बेहतर दृष्टिकोण अपनाने तथा कौशल विकास करने के लिए प्रेरित किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 07 August 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/42234843